**Dainik Bhaskar (15.09.2016)**

# प्रत्येक भारतीय को देखना चाहिए अखंड भारत का स्वप्न: सिंघल

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में विवेकानंद मंच द्वारा 'अखण्ड भारत' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय तेल निगम के पूर्व उप महाप्रबंधक कृष्ण सिंघल मुख्य वक्ता थे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वतंत्रता पूर्व अविभाजित भारत के वास्तविक स्वरूप का परिचय छात्रों से करवाया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को अखंड भारत का स्वप्न देखना चाहिए। देश की एकता और अखंडता बरकरार रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। जिससे सभी में यह भावना उत्पन्न हो सके। भारत हमेशा से विश्व गुरू रहा है। आज भी है। दुनिया भारत की तरफ हर मुद्दे पर इस ओर देख रही है। ऐसे में सभी भारतीयों का दायित्व भी बढ़ जाता है। कैंपस में 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में राष्ट्रभाषा हिन्दी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों द्वारा कविता पाठ और हिन्दी की प्रासंगिकता को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप डिमरी द्वारा किया गया। वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है। यह हमारा कर्त्तव्य है कि इसे सम्मान दें। देश में हिन्दी एक ही ऐसी भाषा है। जिसमें कई भाषाओं का समावेश है। जो हमें एकता के सूत्र में बांधती है। देश में अनेकता में एकता का स्वर हिन्दी के माध्यम से ही गूंजता है। उन्होंने छात्रों को हिन्दी में पत्राचार करने के लिए भी प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन के युग में हिन्दी को इंटरनेट पर प्रयोग होने वाली भाषा के रूप प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। ताकि डिजिटल इंडिया का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे।

**Hindustan Hindi (15.09.2016)**

# जिले में कई कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रो ने हिंदी में कविता पाठ और हिंदी की प्रासंगिकता को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप डिमरी द्वारा किया गया। कुलपति प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हिंदी की महत्ता के बारे में बताया। विवि के विवेकानंद मंच द्वारा 'अखण्ड भारत' पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया, जिसमें भारतीय तेल निगम के पूर्व उप महाप्रबंधक श्रीकृष्ण सिंघल मुख्य वक्ता रहे।

**पलवल के सरस्वती कॉलेज में हिंदी कार्यशाला :** हरियाणा साहित्य अकदामी 20 से 22 सितंबर तक पलवल के सरस्वती महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुडगांव, फरीदाबाद, पलवल एवं मेवात जिलों में महाविद्यालयों के छात्र भाग लेंगे। यहां बुधवार को आयोजित किए गए हिंदी दिवस कार्यक्रम को प्राचार्या डॉ. अलका शर्मा ने शुरू किया। मंच संचालन का कार्य डॉ. सुषमा रानी ने किया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अलावलपुर में हिन्दी दिवस बहुत उत्साह व सकारात्मकता के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय कवि सूरजपाल बैनीवाल व जादूगर देशराज भी उपस्थित थे।

**डीपीएस पलवल में प्रतियोगिता :** दिल्ली पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें कक्षा एक से पांच तक सुलेख, रचनात्मक कार्य, समाचार वाचन, कहानी एवं कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की हुईं। प्रधानाचार्य डॉ. सरिता सिन्हा ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**राजकीय प्राथमिक पाठशाला अजरौंदा :** राजकीय प्राथमिक पाठशाला अजरौंदा में हिंदी दिवस मनाया गया। पाठशाला के मुख्य शिक्षक चतर सिंह ने हिंदी दिवस पर समाचार पत्र पठन व कविता पाठ कराए। इस मौके पर अंजू, चंद्रा, विजय बाला, वंदना, निर्मेश रानी व राज सिंह आदि मौजूद रहे।

**भारतीय जीवन बीमा निगम :** भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा 314 में हिंदी दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक नीता खट्टर ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी सरल और दिलों को जोड़ने वाली भाषा होने के कारण देश को एकता की कड़ी में पिराने में सहायक है। इस मौके पर वीके सिंगला, जसपाल सिंह धीमन, पूर्णिमा आदि मौजूद रहे।

**Dainik Jagran (15.09.2016)**

**अखंड भारत विषय पर व्याख्यान:** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रभाषा हिंदी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा हिंदी में कविता पाठ और हिंदी की प्रासंगिकता को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप डिमरी द्वारा किया गया तथा विद्यार्थियों को जानकारी दी कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी देवनागरी लिपि में भारत की कार्यकारी और राष्ट्रभाषा का दर्जा अधिकारिक रूप से दिया गया था। इसी कारण 14 सितंबर का दिन देशभर में राष्ट्रभाषा हिंदी को सम्मान देने के लिए हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को हिंदी में पत्राचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हिंदी को इंटरनेट पर प्रयोग होने वाली भाषा के रूप प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, ताकि डिजिटल इंडिया का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे।

**Dainik Bhaskar (15.09.2016)**

## स्टार्ट-अप को करियर विकल्प चुनने से पहले लें पूरी जानकारी :नारंग

फरीदाबाद | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति व जनजाति प्रकोष्ठ और समान अवसर प्रकोष्ठ द्वारा 'उद्यमिता: अन्य विकल्प' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लिब्रेट के सह-संस्थापक राहुल नारंग ने संबोधित किया। अनारंग ने छात्रों की करियर चयन को लेकर आने वाली दिक्कतों से निपटने के लिए उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्टार्ट-अप को करियर विकल्प के रूप में चुनकर भविष्य बनाया जा सकता है। उन्होंने स्टार्ट-अप को करियर विकल्प के रूप में देख रहे छात्रों को सलाह दी कि किसी भी क्षेत्र में कदम रखने से पहले पूरी जानकारी हासिल करें।

**Navbharat Times (15.09.2016)**

### फटाफट खबरें

## सेमिनार हुआ

**वस, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकोष्ठ और समान अवसर प्रकोष्ठ की ओर से 'उद्यमिता अन्य विकल्प' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में परामर्श सेवाएं देने वाली कंपनी लिब्रेट के सह-संस्थापक व यूनिवर्सिटी के भूतपूर्व छात्र रहे राहुल नारंग ने संबोधित किया। राहुल नारंग ने स्टूडेंट्स की करियर चयन को लेकर आने वाली दिक्कतों से निपटने के लिए उपयोगी टिप्स दिए।